महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

# MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक : रू0वि0/प0नि0का0/2025/1917-1926 दिनांक: 06.03.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा वर्ष 2025 की स्नातक स्तर पर (बी0ए0, बी0काम0) प्रथम वर्ष (केवल अनुत्तीर्ण/छूटी हुई परीक्षा के छात्रों हेतु), द्वितीय एवं तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर स्तर पर (एम0ए0, एम0काम0) प्रथम वर्ष (केवल अनुत्तीर्ण/छूटी हुई परीक्षा के छात्रों हेतु) एवं द्वितीय वर्ष के व्यक्तिगत परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की अन्तिम तिथि 05.03.2025 निर्धारित थी। छात्रहित के दृष्टिगत उक्त परीक्षाफल भरे जाने की तिथि को निम्न विवरणानुसार विस्तारित किया जाता है।

आवेदन पत्र भरने की विस्तारित तिथियाँ निम्नानुसार है–

| | |
|---|---|
| अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाईन परीक्षा फार्म पुनः उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि | 06.03.2025 |
| अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा फार्म भरने एवं ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | 10.03.2025 |
| अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने एवं महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन पत्रों को Online Approve करने की अन्तिम तिथि | 11.03.2025 |

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, संबंधित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार आनलाईन आवेदन पत्र जमा कराया जाना सुनिश्चित करें। यह भी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन परीक्षाफार्म नियमानुसार भलीभॉति परीक्षण कर ही सत्यापित कर विश्वविद्यालय को ऑनलाईन अग्रसारित किया गया है। किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा। आवेदन पत्र की हार्डकापी विश्वविद्यालय में व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा जमा नहीं होंगी।
2. वित्त अधिकारी
3. डा0 अमित सिंह, मीडिया प्रभारी
4. उप कुलसचिव (परीक्षा)
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट
6. प्रभारी, केन्द्रीय कम्प्यूटर को इस आशय से कि सम्बन्धित डाटा ऑनलाईन एजेन्सी को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, संबंधित एजेन्सी ऑनलाईन परीक्षाफार्म को इस आशय से कि कृपया प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र से सम्बन्धित डाटा प्राप्त कर तदानुसार आवेदन भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
8. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
9. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव

परीक्षा नियंत्रक